आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 175 | छतरपुर, मंगलवार 21 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# जल जीवन मिशन के कार्यो में वन विभाग रुकावट न करें - केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार

**-सरकारी योजनाओं की जनजागरूकता बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को दिए निर्देश**

**-महिला जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याएं बैठक में बताने के लिए प्रोत्साहित किया**

**-केन्द्रीय मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न**

छतरपुर। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक छतरपुर ललिता यादव, विधायक राजनगर अरविंद पटेरिया, विधायक बिजावर राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री सहित नगरीय निकायों एवं जनपद क्षेत्रों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित एसडीएम, जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में विशेष रूप से जल जीवन के कार्यों, प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इसके पूर्व विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन के बारे में




चर्चा की गई।

केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा के अंतर्गत होना चाहिए। उन्होंने कहा प्रोजेक्ट में देरी होने पर संबंधित ठेकेदारों पर पेनाल्टी अधिरोपित करें। उन्होंने खाद्य अधिकारी से पिछले दो माह में राशन वितरण प्रणाली में प्राप्त शिकायतें और उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राशन वितरण के लिए महाअभियान चलाएं एवं जनता का फीडबैक लेकर आरोपी दुकानदारों पर निरस्तीकरण की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा गांव में पात्र व्यक्तियों को राशन की उपलब्धता प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराएं। केन्द्रीय मंत्री ने वन विभाग को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल की मंशा को पूर्ण करते हुए लंबित एनओसी जल्द से जल्द प्रदान करें। उन्होंने कहा कार्यों में रुकावट न करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा विभागों की सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करवाकर लोक कल्याण में अपनी भागीदारी दें। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि अगली दिशा बैठक में सभी महिला जनप्रतिनिधि भी जनता की समस्याओं को बैठक में अवगत कराएंगी। उन्होंने कहा केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी इस बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की है। केन्द्रीय मंत्री ने ईई एमपीईबी को निर्देश दिए कि सभी जनप्रतिनिधियों को लंबित बिजली के कार्य की बिन्दुवार जानकारी लिखित में दें।

बैठक में प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत फेस-4 के अंतर्गत होने वाले कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर आमजन के लिए सुगम सड़क व्यवस्था सुनिश्चित करें।

***विकसित म.प्र. 2047 विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से मांगे सुझाव***

केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने विकसित म.प्र. 2047 विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा जिले का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाना है। जिसके लिए जनसंवाद कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें युवा एवं आमजन की क्या अपेक्षाएं है आदि सुनी जाएंगी। कलेक्टर ने 2047 के विकसित म.प्र. के संबंध में जनप्रतिनिधियों से आवश्यक सुझाव मांगे।

## स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए संसाधन के साथ सेवा भावना आवश्यक- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**2 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का किया लोकार्पण**

परिहार गर्जना न्यूज भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए हर संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डॉक्टर और अन्य चिकित्साकर्मी सेवा की भावना से रोगियों का तत्परता से उपचार कर इसे सार्थक बनाएं। रीवा का सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल जटिल रोगों का उपचार लगातार सफलतापूर्वक कर रहा है। इस अस्पताल को हर आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं। जिसके फलस्वरूप ओपन हार्ट सर्जरी तथा किडनी ट्रांसप्लांट जैसे आपरेशन भी यहाँ हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा के करहिया नम्बर-दो में 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए लगातार स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण करें। इनमें यदि संसाधनों की कमी है तो उसे पूरा कराया जाएगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास जनकल्याण के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है। यहाँ अगडाल में स्वास्थ्य केन्द्र भवन की माँग रखी गई। इसे तत्काल मंजूर कर दिया गया है। दो-तीन दिनों में इसका कार्य शुरू हो जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा आमजन उपस्थित रहे।

## पैसेंजर ट्रेन से गिरकर घायल हुये युवक की इलाज के दौरान मौत

छतरपुर। रविवार की रात खजुराहो रेल्वे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन में सवार हुआ एक युवक स्टेशन से कुछ दूरी पर लहुलुहान अवस्था में पड़ा मिला, घायल युवक के बारे में जानकारी मिलने के बाद रेल्वे पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। युवक की पहचान टीकमगढ़ जिले के कुड़ीला थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेरी निवासी अरविंद पुत्र बद्री प्रसाद तिवारी उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है। घटना रविवार की रात करीब साढ़े 3 बजे खजुराहो स्टेशन के 1171/5 स्टोन के पास हुई। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. आशीष शुक्ला ने बताया कि अरविंद का एक हाथ शरीर से अलग हो गया है और उसके पेट में गंभीर चोट है। अधिक मात्रा में रक्त बह जाने से उसकी मौत हो गयी। अरविन्द दुर्घटना का शिकार कैसे हुआ वह खुद ट्रेन से गिरा या किसी ने उसे धक्का देकर गिराया यह रहस्यमय बना हुआ है।



# शिक्षा विभाग बड़ामलहरा ब्लॉक की क्रिकेट टीम छतरपुर को हराकर पहुंची फाइनल में

**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा ।। शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा के प्राचार्य बी एल प्रजापति जी के निर्देशन में शिक्षा विभाग से लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार प्रत्येक ब्लॉक से एक क्रिकेट टीम का गठन किया जाना था जिसमें कन्या संकुल से 11 प्लेयर्स (महेंद्र कुमार प्रजापति, मनोज जैन, राजेश कुमार सेन, राजेंद्र सिंह मौर्य, असफान अली, विकास जैन, के एल यादव, अजीत राय, कृष्णकांत विश्वकर्मा, शुभम गुप्ता, राजकुमार शर्मा)और बालक संकुल से 1 प्लेयर (राजकुमार सेन)का चयन किया गया।



बड़ामलहरा ब्लॉक टीम ने यादवेंद्र स्टेडियम नौगांव में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छतरपुर ब्लॉक टीम को 12 ओवर में 8 विकेट्स लेकर 86 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं बड़ामलहरा ब्लॉक टीम के कप्तान राजकुमार सेन ने नाबाद रहते हुए 51 रनों की शानदार पारी खेलते हुए और 2 विकेट लेकर बड़ामलहरा ब्लॉक टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। राजकुमार सेन को मैन ऑफ द मैच दिया गया। बड़ामलहरा ब्लॉक टीम ने पहली बार विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लिया और पहली बार ही प्रत्येक प्लेयर की शानदार बैटिंग, फील्डिंग, बॉलिंग, कीपिंग की बदौलत टीम ने फाइनल में जगह बनाई।

इस शानदार जीत पर डीईओ छतरपुर आर पी प्रजापति, एडीपीसी सुधीर नामदेव, जिला खेल अधिकारी, विकासखंड बड़ामलहरा शिक्षा अधिकारी एस एल प्रजापति, कन्या संकुल घुवारा प्राचार्य बी एल प्रजापति, बालक संकुल घुवारा प्राचार्य अल्का शुक्ला एवं शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा के सभी शिक्षकों ने फाइनल में जगह बनाने की शुभकामनाएं देते हुए, फाइनल में जीतने की अग्रिम बधाइयां दी।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद एक नवीन ऊर्जा का संचार होता है- विधायक निर्मला सप्रे

## बीना विधायक निर्मला सप्रे ने नगर मंडल अध्यक्ष उपाध्याय एवं अन्य नेताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ बीना विधायक निर्मला सप्रे ने नगर मंडल अध्यक्ष उपाध्याय एवं अन्य नेताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी वार्ड के बूथ क्रमांक 120 पर जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के %मन की बात% कार्यक्रम का 118 वे संस्करण को सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विभिन्न राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार साझा कर देशवासियों को प्रेरित किया। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद एक नवीन ऊर्जा का संचार होता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे, नपाध्यक्ष श्रीमति लता सकवार, जनपद अध्यक्ष ऊषा राय, उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैयां, अमर प्रताप सिंह, राजीव वार्ड पार्षद संतोष राय, गांधी वार्ड पार्षद श्रीमती भारती राय, विजय हुरकट, रमेश जड़िया, राकेश बिलगैयां, मनोज शर्मा, मंशाराम सुंदरानी, राजेंद्र सिंह ठाकुर, जितेंद्र बोहरे, सचिन समैया, श्रीमति मंजू बुंदेला, अंजू बिलियम, योगेश समैया, जितेंद्र राय, गोविंद तिवारी, राकेश वर्मा, मुकेश जैन, राजा बाबु यादव, अजय राय, योगेश दीक्षित, हरीश वाधवानी, संजीव बोथ, मंजू अहिरवार, चीनु कशिव, मिंटू श्रीवास्तव, भूपेंद्र राय, रोशन रजक, नवल चुग, जयसूया जैन, अजवीर सिंह ठाकुर, आसु वाधवानी सहित पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सफल आयोजन के लिए भूपेंद्र कैथोरिया को हृदय से धन्यवाद एवं उपस्थित सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधुओं मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया।

# (हो जाइए सावधान) मिर्जापुर के विवाह गाइड संस्थान ने शादी कराने के नाम पर की 5000 रूपए की ठगी

**परशुराम**

परिहार गर्जना न्यूज। मिर्जापुर के विवाह गाइड (www.vivahguide.com) संस्थान ने मोबाइल पर फर्जी लड़की से बात करा कर 5000 रूपए की ठगी कर डाली. फेसबुक पर बनाए गए फर्जी अकाउंट से फर्जी विवाह कराने वालों की जैसे बढ़ ही आई हुई है, सीधे-साधे युवकों से मोबाइल पर फर्जी लड़की से बात करा कर रजिस्ट्रेशन के नाम पर ?2000 लिए जा रहे हैं, बाद में फर्जी आईडी बनाकर सभी को गुमराह किया जा रहा है और अपनी जेब भरी जा रही हैं. 50 प्रतिशत आईडी बनने के बाद और पैसों की मांग की जाती है और रुपए न देने पर पहले दिए हुए पैसों की ठगी हो जाती है. जिला मिर्जापुर के विवाह गाइड केंद्र की जूही नाम की लड़की सभी को फोन कर गुमराह करती है. जब तक 5000 रूपए जमा नहीं हो जाते तब तक भोले- भाले युवकों को लगातार फोन किया जाता है.जिस फर्जी लड़की से बात कराई जाती है, उस लड़की का नम्बर पुरे रूपए लेने के बाद भी नहीं दिया जाता है.शादी कराना तो दूर फर्जी वैबसाइट बनाकर लोगो को बेवकूफ बनाया जा रहा है.ऐसे लोगो से हमेशा सावधान रहो.क्यों अधिकारी इन सब फर्जी विवाह केंद्र पर अपनी आंखें मूंदे हुए हैं. बाद में यह लोग लाखों रुपए इकट्ठा कर ऑफिस बंद करके भाग जाते हैं. अब इन विवाह केंद्र पर कार्रवाई होना अनिवार्य हो गया है.



# खजुराहो सरस्वती शिशु मंदिर खजुराहो में हुआ शिशु नगरी कार्यक्रम

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो/सरस्वती शिशु मंदिर खजुराहो में हुआ शिशु नगरी कार्यक्रम जिसमें कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक की मात् सम्मेलन एवं भैया बहनों का शिशु नगरी समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि निधि सिंह बघेल,विशिष्ट अतिथि पुष्पा सिंह,अलका जैन,अनीता उपाध्याय,अध्यक्ष नवनीत अवस्थी,प्राचार्य प्रभात सिंह,शिशु वाटिका प्रमुख अर्चना सिंह एवं दीदी अर्चना दीक्षित,प्रियंका गुप्ता एवं प्रिया विश्वकर्मा,वरिष्ठ दीदी श्रीमती कांति जैन एवं रागिनी अवस्थी, खजुराहो सरस्वती शिशु मंदिर खजुराहो में हुआ शिशु नगरी कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार भी विस्तृत किए गए जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों पर बच्चों ने डंस भी किया और काफी सारे गेटअप में आए हुए थे बच्चे जैसे कि कृष्ण भगवान राधा कृष्ण ग्वाल बाबा इत्यादि के गेटअप में बच्ची थे विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जैसे रूप सजा रामकृष्ण संतुलन से चलना टायर दौड़ जोड़ी बनाओ गुब्बारे फूलना रंगोली ईंट पर संतुलन से चलना लोकगीत एवं लोरी प्रमुख विषय रहें आज के कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक एवं अन्य लोग भी उपस्थित रहे।





# सुरभि जैन बनीं डिप्टी कलेक्टर, MPPSC 2022 में तृतीय रैंक से मिली सफलता

## मेहनत और इरादे से संभव है हर मुश्किल को पार करना- सुरभि जैन

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। जनपद क्षेत्र बकस्वाहा की ग्राम पंचायत बम्हौरी, तहसील बकस्वाहा, जिला छतरपुर की निवासी सुरभि जैन ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) 2022 में तृतीय रैंक के साथ डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होकर एक नई मिसाल कायम की है। सुरभि की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और लक्ष्य के प्रति दृढ़ निष्ठा का परिणाम है।



सुरभि की शैक्षिक यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं। कक्षा 12वीं में उन्होंने 94% अंक प्राप्त किए थे, जिससे उनके मजबूत शैक्षिक आधार की नींव पड़ी। इसके बाद, उन्होंने इंजीनियरिंग में कंप्यूटर साइंस से ग्रेजुएशन किया, जिसमें भी उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपनी मेधा का लोहा मनवाया।

सुरभि का MPPSC 2021 में चयन सब रजिस्ट्रार के पद पर हुआ था और वर्तमान में वे भोपाल में अपनी प्रशिक्षण प्रक्रिया में व्यस्त हैं। इस उपलब्धि के बाद, उन्हें MPPSC 2022 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर तृतीय रैंक प्राप्त हुई। यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।

सुरभि जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और गुरुजनों को दिया। उनका कहना है, अगर इरादा मजबूत हो और मेहनत साथ हो, तो किसी भी मुश्किल को पार किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, कठिनाइयों से डरने की बजाय उन्हें एक अवसर की तरह देखना चाहिए, क्योंकि यही अवसर हमें आगे बढ़ने का रास्ता दिखाते हैं।

# सौरभ सिंह लोधी ने MPPSC 2022 में अपनी मेहनत से बनाई मिसाल, द्वितीय प्रयास में मिली सफलता

## मेहनत और आत्मविश्वास से मिली सफलता-सौरभ सिंह लोधी

बकस्वाहा/छतरपुर। जनपद क्षेत्र बम्हौरी के ग्राम पंचायत देवरी निवासी सौरभ सिंह लोधी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) 2022 में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सौरभ का यह द्वितीय प्रयास था, और इस बार उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यह प्रतिष्ठित पद प्राप्त किया।

सौरभ सिंह का शैक्षिक जीवन बहुत प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर बम्हौरी से प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए उ.मा.वि. बम्हौरी में दाखिला लिया और फिर उत्कृष्ट विद्यालय सागर से हायर सेकेंडरी शिक्षा में सफलता हासिल की।

इसके बाद, सौरभ ने हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर से BSc में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। स्नातक के बाद, उन्होंने अपनी आगे की सफलता के लिए इंदौर में PSC (Public Service Commission) की तैयारी शुरू की।





सौरभ का यह द्वितीय प्रयास था, और पहले प्रयास में वे केवल 13% अंक प्राप्त कर होल्ड पोजीशन पर थे, जिससे उनका परिणाम रुका हुआ था। हालांकि, उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी मेहनत जारी रखी। सौरभ का मानना है कि असफलता से निराश होने की बजाय उसे एक सीख के रूप में लेना चाहिए। परिणामस्वरूप, उन्हें MPPSC 2022 में सफलता मिली।

***मेहनत और आत्मविश्वास से मिली सफलता***

सौरभ का कहना है कि पहले प्रयास में असफलता मिली, लेकिन इसने उन्हें निराश नहीं किया। उन्होंने इसे एक नई दिशा के रूप में देखा और मेहनत जारी रखी। उनका मानना है कि आत्मविश्वास और सही दिशा में की गई मेहनत से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और गुरुजनों को दिया, जिनकी प्रेरणा और समर्थन से वे इस कठिन सफर को पार करने में सक्षम हुए। उनका यह प्रेरणादायक सफर सभी युवाओं के लिए एक उदाहरण है, जो किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं।

# 45 दिन के अंदर व्यापार अनुज्ञप्ति (लायसेंस) हेतु आवेदन न करने पर संबंधित प्रतिष्ठान को किया जायेगा सील

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरू को निर्देशित किया है कि शासन निर्देशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र के व्यापारियों के नियमानुसार अनुज्ञप्ति (लायसेंस) बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करें। शासन निर्देशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी व्यापारियों को 45 दिन के अंदर व्यापार अनुज्ञप्ति (लायसेंस) हेतु आवेदन न करने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सील किया जायेगा। इस संबंध में शासन ने सभी व्यापारियों को अनुज्ञप्ति (लायसेंस) लेना अनिवार्य किया है। इस संबंध में म.प्र.राजपत्र नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल दिनांक 18 अप्रैल 2023 में प्रकाशन कर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 132 की उपधारा (6) के खण्ड (ग) के साथ पठित धारा 433 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार द्वारा नगर पालिक निगम क्षेत्र की सीमाओं के भीतर कोई व्यापार करने के विनियमन के लिये नियम बनाये गये है। जिसमें व्यापार करने वाले सभी व्यक्तियों के लिये 45 दिनों के भीतर अनुज्ञप्ति (लायसेंस) को आवेदन करना अनिवार्य किया गया है। जिसमें स्थानीय परिस्थिति पर निर्भर करते हुये सड़की चौड़ाई या स्थान जहॉं व्यापार परिसर स्थित है के आधार पर उन क्षेत्रों को वगीकृत करेगी, जिनमें व्यापार किया



जा रहा है।, नगर निगम क्षेत्र में भवन तथा खुले स्थानों पर 7.5 मीटर से कम तथा 7.5 मीटर तक रू. 4/- प्रति वर्गफुट प्रतिवर्ष शुल्क निर्धारित किया गया है। व्यापार परिसर की अवस्थिति पर आधारित न्यूनतम वार्षिक व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क मोहल्ला कालोनी में रू. 4/- प्रति वर्गफुट, छोटे एवं मध्यम आकार के बाजारों में रू. 5/- प्रति वर्गफुट एवं वृहत बजारों में रू. 6 प्रति वर्गफुट प्रतिवर्ष शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार गुमटी / कच्ची दुकानों के लिये न्यूनतम वार्षिक व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क रू. 250/- प्रतिवर्ष एवं मोटरयान/ मिनी ट्रक/पिकअप वेन/जीप के लिये रू. 400/- प्रति वाहन प्रतिवर्ष एवं आटो रिक्शा/तिपहिया वाहन आदि के लिये रू. 250/- प्रति वाहन प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। राजपत्र में लेख किया गया है कि लायसेंस लेना वाला कोई भी वाहन यह सुनिष्चित करेगा कि यातायात को कोई अवरोध न हो यदि उसके द्वारा यातायात को कोई अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी जायेगी। अनुज्ञप्ति लायसेंस का नवीनीकरण आवेदन अनुज्ञप्ति की समाप्ति की तारीख से कम से कम 1 माह पूर्व यथाविहित अनुज्ञप्ति शुल्क के भुगतान के साथ मूल अनुज्ञप्ति की प्रति लगाना अनिवार्य होगा। यदि अनुज्ञप्ति की समाप्ति के 1 वर्ष के भीतर नवीनीकरण के लिये आवेदन नहीं करता है तो अनुज्ञप्ति को निरस्त कर परिसर को सील किया जायेगा।

# परवाह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश भोपाल के आदेश अनुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन परवाह थीम पर जनवरी माह में किया जा रहा है। जिसमें पुलिस अधीक्षक सागर के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु अनूठी पहल की गई। जिसके अंतर्गत शहर के मुख्य स्थानो पर यातायात जागरूकता नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों का पालन न करने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के बारे में बताया गया, जिसमें वाहन चालक ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को भी नुकसान उठाना पड़ता है । थाना प्रभारी यातायात मोहन सिंह ठाकुर एवं उनके स्टाफ द्वारा समस्त वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करना,तेज गति से वाहन ना चलाना , नशे की हालत में वाहन ना चलाने के संबंध में समझाइश दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र सागर के सदस्य उपस्थित रहे, एवं नुक्कड़ नाटक में युग सृष्टि संस्था के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई।

# म. प्र. सर्व कोरी/कोली कल्याण महासभा द्वारा समाजसेवी इंजीनियर आकाश कोरी का हुआ सम्मान



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। भोपाल में दिनाक 19 जनवरी 2025 को म. प्र. सर्व कोरी/कोली कल्याण महासभा द्वारा राष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 450 से 500 युवक युवतीयो ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश पंथी, संयोजक नवल किशोर पंथी, मुख्य संरक्षक पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद कबीर पंथी, मन्नू लाल कोरी, महामंत्री दीपक कोरी द्वारा समाजसेवी इंजीनियर आकाश कोरी (मासाब) को माला पहनाकर शाल श्रीफल और कबीरदास की स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया। महासभा के महामंत्री दीपक ने आकाश की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आकाश कलेक्टर दीपक आर्य, कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह और विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा समाजसेवी के रूप में सम्मानित हो चुके है और आप इसी तरह हमारी समाज का नाम पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में नाम रोशन करे इसके लिए में पूरे समाज की ओर से आप को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। इस अवसर पर समाजसेवी आकाश ने कहा कि म.प्र. कोरी/कोली महासभा को लगातार 19 वर्षो से युवक युवतियों को आपस में मिलाने का कार्य कर रहे है और हम जैसे समाजसेवियों को सम्मानित कर हमारा अंदर नई ऊर्जा का उत्साह वर्धन करने का कार्य कर रहे यह बहुत ही सराहनीय कार्य है मे आप सभी को इसके लिए धन्यवाद देता हूं और आप आगे भी इसी तरह समाज मे युवक युवतियों को आपस में मिलाने का कार्य करते रहे। कार्यक्रम के बाद नारायण प्रसाद कबीरपंथी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# विश्वविद्यालय- दर्शनशास्त्र विभाग में शोध-पत्र लेखन कार्यशाला का आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज।सागर. दर्शनशास्त्र विभाग ने 13 से 17 जनवरी 2025 तक मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान अध्ययन शाला के शोधार्थियों के लिए एक शोध-पत्र लेखन कार्यशाला का आयोजन किया. डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने इस कार्यशाला के सत्र लिये. इन सत्रों के विषय रहे- शोध-पत्र का शीर्षक कैसे निर्धारित करें, शोध-पत्र का सारांश कैसे तैयार किया जाए, शोध-पत्र की रूपरेखा कैसे तैयार की जाए, शोध की रिपोर्टिंग के लिए कंप्यूटर का कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे करें,



सन्दर्भों और पुस्तक सूची को कैसे उद्धृत किया जाए. सत्र प्रतिदिन अपराह्न 03ः00-04ः30 बजे तक आयोजित किए गए. कार्यशाला में दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, इतिहास, पत्रकारिता, शिक्षाशास्त्र, संस्कृत एवं अन्य? विभागों के 45 शोधार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया.

# शिक्षा, खेल प्रतिस्पर्धा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया

गढ़ाकोटा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च मा. विद्या. गढ़ाकोटा द्वारा आयोजित शिशु नगरी समारोह में अखिल भारतीय स्तर पर अनेक विधाओं जैसे शिक्षा, खेल प्रतिस्पर्धा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान भैया-बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी प्रशंसनीय अभिव्यक्ति की गई।



इस अवसर पर व्यवस्थापक मनोज तिवारी,मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष संगीता तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि श्रीमति रश्मि सुरेश कपस्या , श्रीमति भानू रमेश मिश्रा , श्रीमति प्रियंका नीलेश दुबे , श्रीमति सोनाली वरुण सोनी , श्रीमति प्रियंका अनुराग तिवारी के साथ साथ समस्त विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की उपस्थित थे।

# सागर के दीपाली पैलेस में 24 जनवरी को होगा क्षत्रिय महासभा का मातृशक्ति सम्मेलन

*परिहार गर्जना न्यूज। सागर। क्षत्रिय महासभा जिला सागर द्वारा समाज की महिलाओं की जागृति व एकजुटता के लिए आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन आगामी 24 जनवरी को सागर की दीपाली होटल के क्रिस्टल हाल में आयोजित किया जाएगा। क्षत्रिय महासभा सागर की महिला विंग की जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह राजपूत ने बताया कि मातृशक्ति सम्मेलन होटल दीपाली के क्रिस्टल हाल में 24 जनवरी की प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।*

क्षत्रिय महासभा के संरक्षक मंडल व जिला अध्यक्ष श्री लखन सिंह के मार्गदर्शन में क्षत्रिय महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह राजपूत द्वारा आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में समाज की सभी महिलाओं, बेटियों से सम्मेलन में पधारकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने आग्रह क्षत्रिय महासभा की ओर से किया गया है। जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज की नारी शक्ति को एकता व उत्थान के लिए संगठित व प्रोत्साहित करने, समाज के उत्थान हेतु आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और भावी पीढ़ी को आगे बढ़ाने जैसे विषयों पर केंद्रित है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा 'प्रतिभा सम्मान' अंतर्गत एम.पी. पी. एस. सी की चयनित प्रतिभागियो का किया सम्मान

**सौरभ खरे**



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। कहते हैं कि यदि हौसलों की उड़ान ऊंची हो तो असमान भी सफलता के कदम चूमता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है जिले की दो युवतियों ने। उन्होंने एमपीपीएससी परीक्षा में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। इन युवतियों का जगह- जगह स्वागत सम्मान किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 'प्रतिभा सम्मान' अंतर्गत एम.पी. पी. एस. सी.2022 की परीक्षा के परिणाम में टीकमगढ़ जिले से चयनित प्रतिभागियों के सम्मान हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर चयनित प्रतिभागियों एवं उनके परिवारजन पुष्प गुच्छ, मोमेंटो, शाल श्रीफल, भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागियों एवं परिवार संवाद से कर उनके लक्ष्य प्राप्ति के सफर की चर्चा आज 20 जनवरी 2025 को आयोजित कार्यक्रम में एम.पी. पी. एस. सी.2022 की परीक्षा के परिणाम में टीकमगढ़ जिले से चयनित डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित सुश्री कविता यादव पुत्री करणसिंह यादव (SDM पद पर) निवासी देवी नगर थाना बल्देवगढ़ एवं अंशिका जैन पुत्री श्री बालचंद्र जैन (DSP पद पर )निवासी रौरैया मोहल्ला टीकमगढ़ एवं प्रतिभा तिवारी पुत्री पी. एन. तिवारी (ट्रेजरी अधिकारी पद पर ) निवासी ग्राम बनेरा थाना बल्देवगढ़ का स्वागत ओर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उनके परिवारजन को उक्त कार्यक्रम में पुष्प गुच्छ, मोमेंटो, शाल, श्रीफल, भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर तथा उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी।

# श्री राम जी की कृपा से विधायक बनकर मैं सनातन के विकास रथ पर चढ़कर आप सभी ग्रामीणों की सेवा कर पा रही हूं- विधायक निर्मला सप्रे

## -सनातन के विकास रथ पर चढ़कर बीना विधानसभा में 400 करोड़ रुपए कार्य स्वीकृत कराए विधायक सप्रे ने
## -कांग्रेसी विधायकों के विधानसभा क्षेत्र विकास के लिए तरस रहे

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना। विधायक निर्मला सप्रे की विकास यात्रा लगातार





जारी है। सोमवार को विधायक निर्मला सप्रे ग्राम बेधई, परासरी, हडकुल जैन आदि ग्रामों में पहुंची जहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों रुपए की राशि से ग्रामीण विकास एवं सडकों का भूमिपूजन किया। प्राथमिक शाला ग्राम परासरी में आयोजित कार्यक्रम में परासरी नदी पर रुसल्ला मार्ग पुलिया निर्माण एवं दो तीन सीटर कंक्रीट बेंच 14.43 लाख का भूमिपूजन किया। वहीं हडकुल जैन में 13.61 लाख की लागत से उन्होंने श्री हनुमान मंदिर से लहरावदा की ओर सीसी रोड व दो कंक्रीट बेंच का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्री राम जी की कृपा से विधायक बनकर मैं सनातन के विकास रथ पर चढ़कर आप सभी ग्रामीणों की सेवा कर पा रही हूं यह मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि बीना विधानसभा क्षेत्र में 400 करोड़ रुपए के कार्य मैंने मुख्यमंत्री से आग्रह करके स्वीकृत कराए। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व में जब बेधई परासरी गांव में आई तब डेम का कटाव हो रहा था और यहां बाढ़ की स्थिति बन जाती थी। उस समय ग्रामीणों को मैंने ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलवाया। उन्होंने आश्वस्त किया बहुत ही जल्द सर्वे कराकर प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के पास रिपोर्ट भिजवाऊंगी ताकि यह जलभराव की स्थिति भविष्य में न बने। मेरी हमेशा प्राथमिकता यह रहती है कि जिस कार्य से सारे गांव को राहत मिले वह काम पहले होना चाहिए।

*कांग्रेस ने रामलला का विरोध किया जिससे मुझे पीड़ा हुई -*

विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि अयोध्या में रामलला की स्थापना के पहले वर्ष में चारों तरफ दीप प्रज्वलित हुए मैं स्वयं भी रामचरित मानस का पठन करती हूं कांग्रेस के श्रीराम जी का विरोध किया ऊपर से कांग्रेस विधायकों के पास आदेश आया कि कोई भी विधायक दीपक नहीं जलवाए। उस दिन मुझे पीड़ा हुई और मैंने उसी दिन प्रण किया कि मैं मंदिरों में दीपक जरूर जलवाऊंगी। और यही कारण है कि बीना विधानसभा क्षेत्र के मंदिरों में मैंने 5 हजार दीपक जलवाए। क्षेत्र की जनता एवं भाजपा नेताओं ने मुझसे कहा कि दीदी आपके विचार भाजपा से काफी मिलते हैं उन्होंने मुझसे आग्रह किया कि क्षेत्र का विकास कराने के लिए वे पार्टी में शामिल हों। आप जाकर देख लें कि कांग्रेस विधायकों के विधानसभा क्षेत्र में लोग विकास के लिए तरस रहे हैं और मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से बीना विधानसभा क्षेत्र में मैंने 400 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत कराए और उनका भूमिपूजन भी यथावत हो रहा है।

*हार पहनाकर किया ग्रामीण बुजुर्गों और महिलाओं का सम्मान -*

ग्रामीण क्षेत्रों में विधायक निर्मला सप्रे द्वारा किए जा रहे भूमिपूजन कार्यक्रमों में ग्रामीणजन बड़ी संख्या में एकत्रित हो रहे हैं ऐसे में कई बुजुर्ग ग्रामीण एवं महिलाएं विधायक का स्वागत करने के लिए जब पुष्पहार अपने हाथों में लेकर पहुंची तो विधायक ने बड़े ही सहज भाव से उनसे माला लेकर उन्हीं के गले में पहनाते हुए उनका स्वागत किया, उन्होंने कहा कि आप हमारे ग्रामीण क्षेत्र की मातृशक्ति हैं बुजुर्गवार हैं और एक बेटी को यह शोभा नहीं देता कि आप उसका स्वागत करें। आपके आशीर्वाद मिलता रहे इतना ही पर्याप्त है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों महिलाओं के साथ सरपंच, पंच एवं भाजपा नेता शामिल रहे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत की अगवानी में दुल्हन की तरह सजा शहर

## प्रथम नगर आगमन को लेकर हुई तैयारियां, संविधान गौरव अभियान के लिए मंडल में पहुंचेंगे प्रवक्ता



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। बीजेपी जिला अध्यक्ष बनने पर शहर में जगह-जगह श्रीमती सरोज राजपूत के स्वागत की जोरदार तैयारियां की गई हैं। शहर पोस्टर बैनर से पटा पड़ा है। उनके स्वागत को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। आज नगर भाजपा कार्यालय में भाजपा वरिष्ठ जन द्वारा मीटिंग रखी गई, जिसमें कल नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत के आगमन की तैयारी, कार्यालय में पदभार ग्रहण व संविधान गौरव अभियान के 25 जनवरी को जिले से प्रत्येक मंडल में प्रवक्ता पहुंचेंगे ।भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी व प्रफुल्ल द्विवेदी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत कल ट्रेन द्वारा ललितपुर सुबह 9:00 बजे आएंगी। बताया गया है कि जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत फूल- मालाओं ढोल, नगाड़ों के साथ किया जाएगा जगह-जगह किया जाएगा। जिसमें खिरिया नाका, नीमखेरा, कुंडेश्वर, ताल दरवाजा,पापोरा चौराहा, अवस्थी चौराहा, सुभाष बुक डिपो से जेठा चौराहा, कटरा बाजार से सिंधी धर्मशाला व अंत में नगर भाजपा कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगी। कार्यालय में सभी को कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी। आज वरिष्ठ जन द्वारा मीटिंग में संविधान गौरव अभियान में 25 जनवरी को प्रत्येक मंडल में जिले से मुख्य रूप से प्रवक्ता पहुंचेंगे, जिसमें नगर मंडल के लिए भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष कौशल किशोर भट्ट, सावरकर मंडल के लिए अमित नुना मुख्य रूप से पहुंचेंगे। कार्यालय में हुई मीटिंग में पूरन लोधी, आशुतोष भट्ट, अभिषेक खरे रानू, अंशुल व्यास, शोभरन कुशवाहा,नरेश तिवारी, विभा श्रीवास्तव, हरीश अहिरवार, शिवचरण उटमालिया, स्वप्निल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# फिल्म अभिनेता अभिनेत्री का एक्सीलेंस स्कूल में हुआ सम्मान

## 2006 में एनएसडी पास आउट कर किया मुंबई का रुख

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शहर के एक्सीलेंस स्कूल में सोमवार को फिल्म अभिनेता धीरेंद्र द्विवेदी और अभिनेत्री स्मिता तांबे द्विवेदी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। टीकमगढ़ निवासी धीरेंद्र द्विवेदी ने एक्सीलेंस स्कूल से 12वीं तक पढ़ाई की थी। आज कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने स्कूल और कॉलेज के संस्मरण सुनाए। स्कूल के छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के टिप्स दिए। एक्सीलेंस स्कूल प्राचार्य डॉक्टर सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में पले बढ़े धीरेंद्र द्विवेदी ने मुंबई पहुंचकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने टीकमगढ़ के सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं और पीजी कॉलेज से एमएससी किया। इसके बाद साल 2003 में उनका चयन नेशनल स्कूल आफ ड्रामा दिल्ली में हो गया था। साल 2006 में एनएसडी से पास आउट होने के बाद मुंबई का रुख किया था। स्कूल के शिक्षक दीपक जैन ने कहा कि धीरेंद्र द्विवेदी ने बचपन से ही काफी संघर्ष किया। अपनी लगन, मेहनत और बेहतर अदाकारी के साथ चलते आज यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र की पत्नी स्मिता तांबे द्विवेदी ने मराठी और हिंदी फिल्मों में अभिनय किया है। जोरम और सूमी फिल्म के लिए उन्हें इंटर नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। आज दोनों कलाकारों का एक्सीलेंस स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अभिनेता धीरेंद्र द्विवेदी और स्मिता तांबे द्विवेदी ने फिल्म लाइन में करियर बनाने के लिए बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि थिएटर और फिल्म लाइन में अभिनय के अलावा कई सारे फील्ड ऐसे हैं, जिसमें युवा अपनी रुचि के अनुसार काम कर सकते हैं।




*इन फिल्मों में किया अभिनय*

स्मिता तांबे ने सिंघम रिटर्न, 72 मील, पंगा, जोरम, जवान, द हाईनिंग टेबिल, सूमी, सेक्रेड गेम्स सहित कई मराठी फिल्मों में अभिनय किया है। जबकि धीरेंद्र द्विवेदी ने भूतनाथ रिटर्न्स, एजेंट विनोद, कमीने, रुख, नूर, अमरीका, अज्जी, द्वंद, धक धक, आखिर पलायन कब तक, लव आज कल, फेमस सहित कई वेब सीरीज में अभिनय किया है।

# जिले के तीन दर्जन हाई स्कूल हायर सेकेन्ड्री विद्यालयों की मान्यता निरस्त

## संयुक्त संचालक द्वारा की गई कार्यवाही

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के लगभग तीन दर्जन हाई स्कूल तथा हायर सेकेन्ड्री विद्यालयो की मान्यता संयुक्त संचालक मनीष वर्मा द्वारा विभिन्न कार्यो के चलते निरस्त की गई है। जिससे निजी विद्यालय संचालकों में हड़कप मचा हुआ है, निजी विद्यालय संचालको का कहना है कि हमारे द्वारा शासन द्वारा निर्धारित सभी प्रकार की आहर्ताए पूर्ण की गई है, उसके बावजूद बिना निरीक्षण एवं जांच रिपोर्ट के क्षेत्रीय संचालक द्वारा मान्यता निरस्त की गई है। जो गलत है, क्योकि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हमारी विद्यालयों से संबंधित सभी प्रकार के आवश्यक दस्तावेजो के साथ मान्यता सागर भेजी गई थी, लेकिन क्षेत्रीय संचालक द्वारा बिना किसी कारण के अनावश्यक नियम कानून लगाकर मान्यताए निरस्त की गई है, आंगे देखना है, उक्त मामले में क्या निर्णय होता है। ज्ञात हो कि पूर्व में निर्धारित प्रकिया के तहत जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ही मान्यता के लिए आवेदन किये जाते थे, इसी तरह इस बार भी किये गये थें, लेकिन संयुक्त संचालक द्वारा मनमाने ढंग से मान्यताए निरस्त की गई है।

# श्री राम केवट संवाद की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

### भगवान हम आप को गंगा पार कराते है आप हमें भव सागर से पार करा देना

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/स्थानीय जिला चिकित्सालय प्रांगण में स्थित भोलेनाथ जी मंदिर मे विगत 15 जनवरी से श्री राम कथा राम चरित्र मानस बड़े ही मार्मिक ढंग से चल रहीं है, जिसमें कथा वाचक पंडित प्रभाशंकर शास्त्री जी महराज द्वारा प्रतिदिन बड़े ही मार्मिक ढंग से अलग अलग संवादो को उपस्थित दर्शको को सुनाया जा रहा है तथा इस समाज को कथा के माध्यम से संन्देश दिया जा रहा है, कि भगवान श्री राम नें किस प्रकार मनुष्य के रूप मे जन्म लेकर लोगो को मर्यादा का पाठ पढाया, तथा उनके चरित्र का सभी को किस प्रकार से अनुशरण करना चाहीए, यह कथा वाचक शास्त्री जी महराज ने बड़े ही सरल एवं साधारण ढंग से लोगो को बताया, जब भगवान राम को चौदहा वर्ष का वनवास दिया गया, तो वह साधारण ढंग से वन के लिए सीता जी एवं लक्ष्मण जी के साथ निकल पड़ें, वहां से चलते हुए उन्हे गंगा जी से उतर कर आंगे के चित्रकूट के लिए जाना था जिसके लिए उन्हे गंगा पार करने के लिए केवट को बुलाया, तथा कहा कि केवट भाई हमें गंगा जी से उस पार कर दो, लेकिन केवट नें गंगा पार करने से मना कर दिया, तो उन्होने उसका कारण पूंछा, तो केवट ने कहा कि आप के चरणो से पत्थर की सिला सुन्दर नारी बन जाती है, इस लिए हो सकता है कि हमारी नाव भी नारी न बन जाये, इस लिए आंगे हम आप के चरणो को धोयेगें उसके बाद गंगा पार करायेगें, उन्होने कहा ठीक है भाई तो केवट ने परिवार सहित भगवान के चरणो को धोकर आशिर्वाद लिया तत्पश्चात् गंगा पार करने के लिए राम लक्ष्मण, सीता को नाव मे बैठकार गंगा पार कराई, जब केवट को भगवान द्वारा उतराई मजदूरी देने लगें तो केवट ने कहा कि हम मजदूरी नहीं लेगें, क्योकि आप का और हमारा कार्य एक ही है, तो उन्होने पूंछा वह कैसे वह बोले हम गंगा पार कराते है, आप हमें भव सागर से पार करा देना यही मेरी मजदूरी होगी। इसी के साथ शास्त्री जी ने निशाद राज संवाद सहित अनेक कथाओं का मार्मिक ढंग से वर्णन करते हुए कहा कि इस संसार में सत्य ही सब कुछ है भगवान का स्मरण सच्चे मन से करने वाले को कभी कोई समस्या नहीं आती है। उक्त कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शायंकाल छह बजे तक चलती है, स्थानीय लोगो से कथा रसपान करने का अनुरोध आयोजक मंडल द्वारा किया गया है।



# पुरानी बुराई को लेकर आधा दर्जन आरोपियों ने घर में घुसकर किया प्राणघातक हमला

## तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने किया मामला दर्ज





परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के सिमरिया थाना अन्तर्गत लुधनी ग्राम में यादव परिवार तथा दीक्षित परिवार के बीच कुछ बातो को लेकर बुराई लड़ाई चल रही थी, उसी बुराई को लेकर दीक्षित परिवार को आधा दर्जन लोगो द्वारा घर मे घुसकर लाठी डंडो से मारपीट की गई है। जिसमें दो लोग घायल हुए है, घायलो में पुरूषोत्तम यादव पिता कछ्छू प्रसाद यादव उम्र 32 साल निवासी लुधनी तथा हरिशंकर यादव भी घायल हुए है, जिनका ईलाज जिला चिकित्सायल में चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित प्रहलाद यादव ने सिमरिया मे मामला दर्ज कराते हुए बताया कि दुकान के सामने प्रहलाद दीक्षित पुरानी बुराई पर से लड़ाई झगडा कर रहा है, मैने प्रहलाद दीक्षित को समझाकर वहां से भगा दिया था। रात करीबन 9.50 बजे हमारे घर की बाऊण्डरी से कुछ लोग कूद कर घर के आगन मे आ गये मैंने और मेरे भाई हरिशंकर ने बल्ब के उजाले मे देखा कि घर के अन्दर प्रहलाद दीक्षित का लडका निखिल, प्रहलाद के परिवार का सुधीर उर्फ मुरली मनोहर दीक्षित, प्रहलाद का भाई रघु उर्फ रघ्घ दीक्षित एवं सुधीर उर्फ मुरलीमनोहर का छोटा भाई धीरू उर्फ धीरेन्द्र दीक्षित हाथ मे लाठी डण्डा एंव लोहे की राड लेकर आए माँ बहिन की बुरी बुरी गालियां देकर गृह अतिचार कर जान से खत्म करने की नियत से भाई को मारपीट करने लगे। मारपीट से भाई हरिशंकर एवं माँ चन्दा बाई को चोटे आई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिमरिया मे हत्या के प्रयास का अपराध क्रमांक/25 धारा 109, 333, 331(4), 332(बी) 296,115(2), 3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया है तथा उक्त मारपीट मे शामिल तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है।

# शाहनगर क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था बदहाल

### आदिवासी बस्ती प्राथमिक शाला खिरिया टोला में आये दिन लगा रहता है ताला

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले में शैक्षणिक व्यवस्था बदहाल है अनेक विद्यालयों में शिक्षक नहीं पहुच रहे है तथा ताले लगे देखे जा सकते है, साथ ही जो विद्यालय खुलते ही नही है वह नियत समय से बंद करके शिक्षक भाग जाते है, इसी प्रकार का मामला संकुल केन्द्र शाहनगर का प्रकाश में आया है, जहां पर आदिवासी बस्ती शासकीय प्राथमिक शाला खिरिया टोला में आये दिन ताला लगा हुआ देखा जा सकता है। दिनांक 20 जनवरी को एक बजे ही प्राथमिक शाला में ताला लगा हुआ पाया गया। जिसकी सूचना शाहगनर बीआरसी को स्थानीय लोगो द्वारा दी गई।



**इनका कहना है**

में स्वयं प्रकरण की जांच करूंगा और जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, शिक्षकों को नोटिस जारी किया जा रहा है।

*अमित श्रीवास्तव, बीआरसीसी शाहनगर*

# पवई में स्वर्गीय दयाशंकर लटोरिया स्मृति क्रिकेट टूर्नमिट का हुआ शुभारंभ

## हटा की टीम ने देवेंद्रनगर की टीम को हराया

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पवई के महाराजा छत्रसाल मैदान में पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ पंडित स्वर्गीय दयाशंकर लटोरिया स्मृति एवं जन सहयोग से किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पवई की अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष बसंत दहायत, उपस्थित रहें। इस दौरान मैच हटा तथा देवेन्द्रगन टीम के बीच खेला गया। जिसमें पहला मैच देवेंद्र नगर बनाम हटा के बीच खेला गया। टॉस जीत कर देवेंद्र नगर ने गेंदबाजी चुनी, हटा ने निर्धारित 16 ओवर में 125 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसका पीछा करने उतरी देवेंद्र नगर 15.2 गेंद में 105 रन पर ऑल आउट हो गये। उक्त मैच के दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष पवई निधि पटेरिया,जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह,जन भागीदारी अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, मधु गुलाब सोनी, शैलेश नागायच, इस मैच के निर्णायक अजय देव बुंदेला प्रमोद पटेल स्कोर बोर्ड में रामेश्वर पटेल कमेंटेटर कुलदीप खटीक, प्रदीप मिश्रा, रामपाल तिवारी, आरपी सिंह रवि शंकर सिंह जितेंद्र सिंह, प्रीतम परमार देवराज सिंह, संदीप खटीक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मैदान में सबसे पहले जिला अध्यक्ष द्वारा स्वर्गीय दयाशंकर लटोरिया क्षेत्र के सामने दीप प्रज्वलित किया गया और उद्घाटन मैच की दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मिलते हुए उनका परिचय हुआ,इसके बाद जिला अध्यक्ष द्वारा खेल जीवन में कितना जरूरी है यह बताया ।




# कौशल्या ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा गरीब महिलाओं को वितरित किये गर्म कपड़े

पन्ना/वर्तमान समय में कड़कड़ाती ठंड चल रही है, जिसमें अनेक गरीब तथा बृद्ध एवं असाहय लोगो के पास ठंड से बचने के लिए कपड़े भी नहीं है, उनकी उक्त समस्या को देखते हुए अनेक समाजिक संस्थाए आंगे आ रहीं है, तथा उन्हे गर्म कपड़े का वितरण कर रहीं है, वर्तमान समय में सबसे अधिक समस्या ग्रस्त आदिवासी वर्ग है, उक्त वर्ग महिला बच्चे, बच्चियां कड़ाके की ठंड मे लकड़ी बेचने आती है, जिनके पास ठंड से बचने के लिए पकड़े भी नहीं है, अनेक समाजिक संस्था उनका सहयोग कर रहीं है, इसी कड़ी में समिजक संस्था कौशल्या ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ने जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए तथा उन्हे ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ा देकर सहयोग किया। इस दौरान संस्था की संस्थापक अध्यक्ष अर्चना सिंगरौल, प्राची गर्ग, एवं नरेन्द्र सिंगरौल आदि उपस्थित रहें।

# हर्बल स्टोर का हुआ शुभारंभ

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/नगर के ब्लॉक तिराहा के पास स्थित दुकान मे श्री जुगल किशोर जू हर्बल स्टोर का शुभारंभ भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित व्यवसायी मनोज केशरवानी द्वारा स्टोर का फीटा काटकर शुभारंभ किया। स्टोर के संचालक राजवीर सिंह परमार ने बताया कि हमारे स्टोर में स्वास्थ से संबंधित सभी प्रकार के प्रोडक्ट् उपलब्ध रहेगें। इसके साथ ही होम केयर, स्किन केयर, बेबी केयर तथा कृषी एवं पशुओ से संबंधित पोष्टिक आहार एवं अन्य प्रकार के प्रोडक्ट उपलब्ध रहेगे। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें, जिसमें मुख्य रूप से ए.बी. प्यासी, नरेन्द्र खरे, अश्विनी पाण्डेय, गजेन्द्र सिंह बुन्देला, नरेन्द्र सिंह परमार, कृष्णपाल सिंह बुन्देला, रामनरेश कुशवाहा, दिनांकरदेव परमार, पत्रकार लक्ष्मी नारायण चिरोलया आदि।

# बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे मंत्री लोधी के परिजन

## सेवाएं दे रहे शिक्षकों का मंत्री एवं उनके परिजनों ने शिक्षकों पालकों का किया सम्मान





**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। जबेरा विधानसभा में नवोदय की तैयारियां करा रहे स्थानीय विधायक मध्यप्रदेश शासन में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में विधानसभा के 13 ग्रामों में लगभग 500 बच्चों को निशुल्क नवोदय कोचिंग क्लासेस का चार माह पूर्व से संचालित किया जा रहा है जिसमें मंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी एवं बहू मंजू लोधी जी ने पुस्तकें खरीदने में असमर्थ गरीब परिवार के बच्चों नि:शुल्क पुस्तकों भी प्रदान की एवं पेपर प्रिंट कराकर सभी का नवोदय पैटर्न के आधार पर प्रत्येक सप्ताह टेस्ट लिया एवं समय-समय पर क्लासेस पहुंचकर बच्चों को शिक्षा के गुण सिखाए एवं शिक्षकों के साथ बैठक कर कोचिंगो के संचालित किया जिसमें ग्राम नोहटा में शिक्षक मुकेश विश्वकर्मा, दिनेश रोहित, उमेश अग्रवाल, जबेरा में दीपेंद्र नामदेव, सुखनंदन साहू, कुसमी मानगढ़ में सचेंद्र रजक,नेहा रजक, पटना मानगढ़ कुलदीप सिंह, रोड में लोकेश चौरसिया, माला मनगढ़ में नमन लोधी, खमरिया मोजीलाल में गिरजा शंकर विश्वकर्मा, चोपरा मनीष लोधी संजय लोधी बनवार में आयुष अग्रवाल सत्यवान खरे श्याम सिंह राजू राय,तारादेही में संजय घोसी जयप्रकाश पंद्रे सूर्य प्रकाश तिवारी,सिमरी जालम सिंह में दुर्गा सिंह लोधी जलेहरी में शंभू लोधी,तेंदूखेड़ा यशवंत सिंह रवि सिंह पुरषोत्तम सिंह ने शिक्षकों के रूप में बच्चों को शिक्षा देने का कार्य किया एवं इन कोचिंगों के संचालन के लिए पालक भी बनाए गए सेवाएं दे रहे हैं सभी शिक्षकों एवं पालकों का मंत्री एवं उनके समस्त परिवार ने निवास पर बुलाकर बारी-बारी से सम्मान किया।

मंत्री श्री लोधी ने कहा मार्च के प्रथम सप्ताह से हम हर वीडी से क्षेत्र में लगभग 50 ग्रामों में निशुल्क नवोदय कोचिंग क्लासेस को संचालित करने का प्रयास करेंगे जिन शिक्षकों अभी तक सहयोग किया वह सराहनीय है अपने देश समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अपना समय एक यज्ञ की भांति पूर्ण क्या है।

सत्येंद्र सिंह ने कहा आप सभी शिक्षकों ने कहने पर मेरे एक कहने पर कोचिंग का संचालन शुरू कर निश्चित ही आप सभी शिक्षकों मेहनत रंग लाएगी और अधिक से अधिक बच्चों नवोदय विद्यालय में चयनित होंगे। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप मंत्री के पिता भाव सिंह लोधी,माता कृष्णा लोधी,पत्नी अंजली लोधी, भाई नितेंद्र सिंह बबीता लोधी,सत्येंद्र सिंह मंजू सिंह सहित शिक्षकों को एवं संचालित कोचिंगों की पालकों की उपस्थिति रही।

## बधाई नृत्य की प्रस्तुति देख झूम कर नाचे दर्शक भी

**- रक्तबीज के वध पर मां काली के जयकारों से गूंज उठा महोत्सव परिसर**

**-विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने दिए मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति**

**- नृत्य श्री अभिनय श्री प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - बुंदेली गौरव न्यास दमोह द्वारा आयोजित 14 दिवसीय बुंदेली दमोह महोत्सव के द्वितीय दिवस मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें नृत्य श्री अभिनव श्री प्रतियोगिताएं आयोजित की गई एवं विभिन्न विद्यालयों द्वारा सामूहिक नृत्य के माध्यम से जागरूकता एवं सांस्कृतिक प्रदर्शन की झलक देखने को मिली द्वितीय दिवस मंचीय कार्यक्रम का प्रारंभ श्री गणेश जी के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें अतिथियों द्वारा दीप प्रचलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई द्वितीय दिवस पर अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश हजारी, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री गंगाराम अहिरवार, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सुशील सोनी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भगवान दास चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष आलोक गोस्वामी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनवर उस्ताद, पूर्व मंडी अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज अग्रवाल, अशोक भारती उपस्थित रहे। न्यास समिति सदस्यों द्वारा दुपट्टा पहना कर अतिथियों का स्वागत किया गया।




अभिनय श्री प्रतियोगिता के संयोजक कृष्णा तिवारी ने बताया कि अभिनय श्री नाट्य प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें अभिनय श्री में सहयोगी के रूप में अखिलेश गोस्वामी और रंजीत परोचे रहे।

विभिन्न विद्यालयों द्वारा सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया गया जिसमें आचार्य सौभाग्य सागर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तीन सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने बुंदेलखंड के प्रसिद्ध बधाई नृत्य का मंचन इस तरीके से किया कि उपस्थित जनसमूह भी स्वयं को नृत्य करने से नहीं रोक पा रहे थे। शासकीय कन्या विद्यालय अभाना की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिससे उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की बेटी जिस घर में होती है वह घर स्वर्ग से भी कम नहीं होता। वही राइम्स पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के ऊपर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को जागरूक करने का कार्य किया। टाइम्स विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथा पर आधारित रक्तबीज संघार की नृत्य के मंचन से सभी को यह संदेश देने का कार्य किया कि जब-जब धरती पर पाप की अति होती है तब उसका संघार करने के लिए दैवीय शक्ति स्वयं अवतरित होती हैं नाट्य प्रस्तुति के दौरान जब मां काली ने अपने रोध्र रूप के साथ रक्तबीज का संघार किया तब उपस्थित जनसमूह भी जय मां काली जय माता दी के नारों से गूंज उठा। राइट वे स्कूल पटेरिया के विद्यार्थियों द्वारा एक से अधिक सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया गया जिसमें देशभक्ति सांस्कृतिक एवं स्थानीय परंपराओं से संबंधित नृत्य की प्रस्तुति दी गई। नन्हें कलाकारों द्वारा दी गई इन प्रस्तुतियों को सभी ने सराहा एवं समिति सदस्यों द्वारा सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिस्थितियों की प्रभारी श्रीमती प्रतिभा तिवारी रही

बुंदेली दमोह महोत्सव के तृतीय दिवस खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया साथ ही जैविक कृषि पर किसान प्रशिक्षण गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में किसान संघ जिला अध्यक्ष श्री राम पटेल, कृषि वैज्ञानिक मनोज अहीरवाल, प्रमुख जैविक पूरन पटेल, सहायक उप संचालक कृषि जेपी प्रजापति, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हटा सुशील सेवट, मडियादो रतिराम पटेल, एकलव्य विश्वविद्यालय व्याख्याता कृषि विभाग ओमपाल सिंह राजपूत मंचासीन रहे।

बुंदेली गौरव न्यास के आजीवन संरक्षक श्रीमती डॉक्टर सुधा जयंत मलैया जी के मार्गदर्शन में संपूर्ण न्यास समिति बुंदेली दमोह महोत्सव को आगंतुक जनता के आनंद को अधिक से अधिक बढ़ने के कार्य में लगी हुई है साथ ही बुंदेली दमोह महोत्सव परिसर में चल रहे विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं व्यंजनों का भी लोग आनंद उठा रहे हैं न्यास समिति अध्यक्ष अंबालाल पटेल सचिव प्रभात सेठ उपाध्यक्ष कैप्टन भादवा श्रीमती पूजा सिद्धार्थ मालिया प्रबंधक कार्यकारिणी संयोजक मोहित संगीति कार्यालय प्रभारी घनश्याम पाठक रवि गोस्वामी संतोष रोहित निलेश सिंघाई डीके रोहित राजू नामदेव मयंक वाधवा अमित वर्मा संजू यादव देवेंद्र राजपूत महेन्द्र राठौर गीतेश अठ्या अभिलाष हजारी बृज सेन धर्मेन्द्र अहिरवार भरत राय वैभव कैथवास ओमकार चौरसिया सहित सदस्यों की उपस्थिति रही।

## भगवान पारसनाथ की ढाई सौ साल पुरानी प्रतिमा की हुई भव्य अगवानी



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह । दमोह जिले के ग्राम सदगुवां में विराजमान भगवान पारसनाथ के करीब ढाई सौ वर्ष प्राचीन प्रतिमा दमोह पहुंची और भगवान की भव्य अगवानी के लिए दमोह जैन समाज के द्वारा पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत किया गया। दमोह के सागर नाका में 9 साल पहले सदगुवां जैन मंदिर की स्थापना की गई थी और इसी उद्देश्य से इस मंदिर की स्थापना हुई थी कि ग्राम सदगुवां में विराजमान भगवान पारसनाथ की प्रतिमा को यहां पर भक्तों की भक्ति के लिए स्थापित किया जाएगा और सोमवार 20 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। जब ग्राम सदगुवां से ढाई सौ वर्ष प्राचीन भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा दमोह पहुंची। परम पूज्य उपाध्याय विरंजन सागर जी महाराज प्रतिमा जी को विधि विधान के साथ दमोह लाने के लिए ग्राम सदगुवां पहुंचे जहां पर जैन विधि अनुसार निस्थापन किया गया। वहीं उसके पश्चात प्रतिमा जी को लेकर के परम पूज्य उपाध्याय श्री दमोह पहुंचे। वही नशिया जैन मंदिर से भव्य जुलूस के माध्यम से भगवान पारसनाथ की प्रतिमा सागर नाका स्थित सद्गुआ जैन मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह जैन समाज के द्वारा भगवान की आरती उतार कर और मुनिराजों का पद प्रक्षालन कर भव्य स्वागत किया गया। इस जुलूस में जैन समाज के लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। तो वही जैन समाज को परम पूज्य उपाध्याय विरंजन सागर जी महाराज, मुनि श्री प्रयोग सागर जी महाराज, मुनि श्री विसौम्य सागर जी महाराज मुनि श्री विश्व दृग सागर जी, मुनि श्री विनिशोध सागर जी का मंगल सानिध्य प्राप्त हुआ।

***मंदिर में भगवान का हुआ अभिषेक पूजन***

सागर नाका स्थित मंदिर पहुंचने ही भगवान की अगवानी की गई। तो परम पूज्य मुनिराजों के मंगल आशीर्वाद से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। भगवान पारसनाथ की प्रतिमा का अभिषेक पूजन किया गया। वहीं भक्तों को इस ऐतिहासिक पल को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। इसी दौरान परम पूज्य मुनिराजो के मंगल प्रवचन का मंगल सानिध्य भक्तों को मिला। वही सभी प्रतिमाओं को परमपूज्य उपाध्याय श्री के कर कमलों से बेदी पर स्थापित किया गया। आयोजन के दौरान सकल जैन समाज दमोह के भक्तों की बड़ी संख्या में मौजूद की रही।

# महापौर के खिलाफ पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने फूंका बिगुल, अनशन की चेतावनी

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा नगर निगम के पार्षदों ने एक बार फिर महापौर के खिलाफ विरोध का बिगुल फूंक दिया है। सोमवार को नगर निगम के सभागार में हुई पार्षदों की बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि महापौर द्वारा शीघ्र ही बोर्ड बैठक नहीं बुलाई गई तथा 15वें वित्त आयोग से समस्त 70 वार्ड में प्रत्येक वार्ड में 60 लाख रुपए से होने वाले विकास कार्यों की पत्रावली स्वीकृत नहीं की गई तो सभी पार्षद नगर निगम कार्यालय पर धरना देने को विवश होंगे। इस बैठक में करीब 65 पार्षद शामिल हुए जिन्होंने अपने-अपने हस्ताक्षरों एक-एक पत्र महापौर को प्रेषित किया है।

पत्र में अवगत कराया गया है कि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन की बोर्ड बैठक /अधिवेशन विगत 13 सितम्बर 2024 को वृन्दावन स्थित होटल हेरिटेज में आहूत की गयी थी जिसकों करीब 4 माह से अधिक का समय हो चुका है। आगामी बोर्ड बैठक न होने के कारण नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के समस्त 70 वार्डों का विकास एक दम ठप्प हो गया हैं। विकास कार्य न होने के कारण वार्डों की जनता विकट समस्याओ से जूझ रही हैं ।

मुख्यमंत्री योगी मथुरा-वृन्दावन के समग्र विकास को लेकर काफी गंभीर है तथा विकास क्रार्य हेतु भरपूर धनराशि भेज रहे हैं। अधिवेशन के सम्बन्ध में पार्षदों ने संयुक्त हस्ताक्षर करके लिखित में ज्ञापन 2 दिसंबर 24 को दिया था लेकिन अभी तक उक्त के सम्बन्ध में कोई प्रतिकिया नही की गयी हैं और न ही कोई बोर्ड बैठक /अधिवेशन बुलाया हैं। जो उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 88 का खुला उल्लघन है।

आगामी बोर्ड बैठक/अधिवेशन एवं 15 वे वित्त की पत्रावली पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान नही की गयी तो मजबूर होकर पार्षद नगर निगम कार्यालय मथुरा पर धरने पर बैठने को विवश होगे।

पत्र के अंत में आग्रह किया गया है कि जनहित में अविलम्व बोर्ड बैठक/अधिवेशन बुलाये जाने एवं 15 वे वित्त से समस्त 70 वार्डो के विकास कार्यों की बनी हुई (60 लाख प्रति वार्ड) की पत्रावली पर स्वीकृति प्रदान कर दे ताकि सभी सभी वार्डों में विकास कार्य हो सकें। इस बैठक की अध्यक्षता निगम के उपसभापति मुकेश सारस्वत ने की जबकि संचालन भाजपा पार्षद दल के नेता वरिष्ठ पार्षद चौधरी राजवीर सिंह द्वारा किया गया। बैठक के पश्चात नगर आयुक्त शशांक चौधरी को सभी पार्षदों ने इस संबंध में ज्ञापन दिया। बैठक में पार्षद ठाकुर तेजवीर सिंह , नीरज वशिष्ठ ,तिलकबीर सिंह, नीनू ,कुंज बिहारी , राधा कृष्ण पाठक, शशांक शर्मा, राकेश भाटिया, राजीव कुमार सिंह, बृजेश खरे, सुमित गौतम, यतेंद्र माहौर,लक्ष्मण सैनी, धनंजय लोधी, मनोज कुमार शर्मा, संतोष पाठक , लीला प्रधान, चंदन आहूजा, मुन्ना मलिक ,विकास दिवाकर, देवेंद्र कुमार , संजय अग्रवाल, कुलदीप पाठक, गुलशन कुमार ,अंकुर गुर्जर,हनुमान सिंह, धर्मेंद्र नौहवार , धर्मेश तिवारी, कृष्ण चौधरी आदि पार्षद मौजूद रहे।

# सग्राम साईकिल रैली 1857 का मथुरा में भव्य स्वागत




परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा भारतीय गणतंत्र दिवस के 76 वर्ष के उपलक्ष्य में एनसीसी के कैडेट्स द्वारा संग्राम साईकिल रैली 1957 राष्ट्र के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौर सेनानियों की स्मृति में साईकिल यात्रा अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान दल का शुभारम्भ जनपद मेरठ से दिनाक 21 जनवरी 2025 को हुना। वहीं से यह दल प्रदेश में स्थित 1857 के प्रमुख युद्ध स्थलों से गुजरते हुए 1900 किमी की यात्रा तय करके 20 जनवरी 2025 को आगरा से मथुरा पहुंचा और मथुरा स्थल के एनसीसी कैडेट्स द्वारा उम्दा जोश व उमंग के साथ साईकिल रैली दल का स्वागत किया गया। साईकिल रैली दल को कैडेट्स में एकता, अनुशासन और देश के प्रति प्रेम की झलक दिखाई दी। इस साईकिल अभियान दल में उ0प्र0 एनसीसी निदेशालय के 16 एनसीसी कैडेट्स शामिल है, जिनमें 6 गर्ल्स कैडेट्स भी है। इस दल का नेतृत्व ब्रिगेडियर नरेन्द्र चारग, सेना मेडल कर रहे हैं। दल के एनसीसी कैडिटों की हौसला अफजाई हेतु एनसीसी निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के अपर महानिदेशक मेजर जनरल विक्रमकुमार स्वयं एनसीसी कैडेट्स के साथ अपनी सहभागिता एवं मार्गदर्शन व निर्देशन कर रहे हैं। अभियान दल का 10 यूपी बटालियन एनसीसी पहुँचने पर एन 0सी0सी0 ग्रुप मुख्यालय अलीगढ़ के डिप्टी ग्रुप कमाण्डर कर्नल विनीव त्यागी ने ध्वज लहराका दल का स्वागत किया। संग्राम 1957 साईकिल अभियान का मुख्य उददेश्य लोगों को समझाना है कि जब हम संगठित हुए तभी हम आजाद हुये और आगे बढ़े। देश को मजबूत बनाने ए समर से समृद्धि की ओर से जाने के लिए हम सब लोगों को एकजुट रहकर आगे बढ़ना होगा। बटालियन के कैडेट्स ने राष्ट के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का की याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम एव नुक्कड नाटक की प्रस्तुती दी। इस कार्यक्रम में मथुरा स्टेशनों के सैन्य अधिकारी, ए0एन0ओ0 तथा 150 एन0सी0सी0 कंडिट उपस्थित रहे। दिनांक 21 जनवरी 2025 को प्रातः मथुरा स्टेशन कमाण्डर ब्रिगेडियर समिन्दर मोर सेना मेडल ने ध्वज लहराकर साईकिल अभियान दल को मथुरा से नोएडा के लिए प्रस्थान कराया। कैडिटों का यह अभियान दल दिनांक 28 जनवरी 2025 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा एन0सी0सी0 पीएम रैली के दौरान फ्लैग इन किया जायेगा।

# भगवान् परशुराम चौक् सौंदर्यीकरण पर गदगद हुए विप्रजन

**- पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल पत्रकार को किया सम्मानित**

**- सभाषद विनय उपाध्याय व लोकेश सिरथरिया की भी सराहना, पालिका परिषद् बोर्ड का जताया आभार**

**- श्री ब्राह्मण सभा कोसीकलां ( रजि. 499-1980-1981 ) के पदाधिकारियों ने विप्रों संग चेयरमैन से साझा किये सुझाव**



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा कोसीकलां (मथुरा)। नगर पालिका परिषद् बोर्ड ने विप्रों के स्वाभिमान व् आस्था के प्रतीक भगवान् परशुराम चौक् सौंदर्यीकरण के लिए 16.60 लाख की राशि अवमुक्त कर दी है जिससे विप्र समाज गदगद नज़र आ रहा है। रविवार को श्री ब्राह्मण सभा कोसीकलां के पदाधिकारियों ने विप्रों संग नगर पालिका परिषद् में पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल पत्रकार को उत्तरीय पहनाकर तथा भगवान् परशुराम का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सभा की ओर से सभाषद विनय उपाध्याय द्वारा सभाषद लोकेश सिरथरिया का सहयोग लेकर बोर्ड बैठक में किये गए अथक प्रयास की भी सराहना कर उत्तरीय पहनाकर सम्मान किया तथा युवा संगठन की भूमिका और सार्थक कार्य के लिए चर्चा की। उपस्थितजनों में श्री ब्राह्मण सभा कोसीकलां के अध्यक्षट्ठसभापति सत्य प्रकाश शर्मा (कांट्रेक्टर), मंत्रीट्ठप्रबंधक कपिल शर्मा (मास्टरजी), उपाध्यक्ष वेदराम शर्मा (नेताजी), उपमंत्री देवेश पंडित (युवा नेता), निरीक्षक राम प्रकाश शर्मा (पटवारी), कोषाध्यक्ष सियाराम शर्मा, व्यवस्थापक राज कुमार भारद्वाज (सेवायत माँ भगवती मन्दिर), संरक्षकट्ठसदस्य श्याम बिहारी पालीवाल (पूर्व अध्यक्ष), राजकुमार शर्मा (ङ्गसभाषद), बी. एस. शर्मा 卐उपन卐 (पत्रकार) ङ्गमंत्रीट्ठप्रबंधक / निरीक्षक, श्रीभगवान् शर्मा (एडवोकेट) के साथ ही गणेश त्यागी, तारा चंद शर्मा एड. हीरो शर्मा, सोनू शर्मा, संजय उपाध्याय, मुकेश शर्मा सहित अन्य विप्र जन मौजूद रहे।

# मथुरा के निवर्तमान जिलाधिकारी को दी विदाई, आगरा मंडल कमिश्नर पद पर मिला प्रमोशन

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जनपद के सफल जिलाधिकारियों की फहरिस्त में शामिल मथुरा के निवर्तमान जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह का जिलाधिकारी मथुरा के पद पर रहते प्रमोशन हुआ जिन्हें आगरा मंडल के कमिश्नर के पद पर उत्तर प्रदेश सरकार ने भेजा आज सोमवार को शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा मथुरा से आगरा के लिए प्रस्थान किया



जिन्हें विदा करने खुद मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे जिनका भी प्रमोशन मथुरा मै रहते हुआ मौजूद रहे, शैलेन्द्र कुमार सिंह के मथुरा से विदा होने पर सभी पदाधिकारियों की आंखें नम थी। एसएसपी के पद पर प्रमोशन हुए शैलेश कुमार पांडे और निवर्तमान जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह का आपसी तालमेल मजबूत था जिसके कारण मथुरा मै साथ साथ रहते हुए दोनों का प्रमोशन हुआ जिसके कारण डीआईजी शैलेश कुमार पांडे की आंखे भी नम दिखाई दी।

सरल स्वभाव के धनी निवर्तमान जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के विदाई समारोह में मथुरा जनपद के तमाम अधिकारी मौजूद रहे शैलेन्द्र कुमार सिंह के प्रमोशन से जिले का हर अधिकारी खुश था पर उनके मथुरा से तबादले का ग़म भी अधिक दिखाई दिया। शैलेन्द्र कुमार सिंह के मथुरा जिलाधिकारी रहते मथुरा मै प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , ग्रह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे दिग्गज नेताओं को मथुरा मै लाकर सफल आयोजन कराए तथा मथुरा मै तमाम विकास की परियोजनाओं को लागू कर मथुरा को विकास की राह दिखाई। आगरा मंडल के कमिश्नर पद पर पदोन्नत होकर जैसे ही मथुरा स्थित कैंप कार्यालय से अपनी गाड़ी की ओर बड़े तो उनको विदाई देने आए अधिकारियों मै सम्मान करने की होड़ मचने लगी। इसी दौरान जिलाधिकारी सी पी सिंह , एसएसपी शैलेश कुमार पांडे सहित तमाम अधिकारी पहुंचे और 11 किलो पुष्पों से तैयार माला पहना कर सम्मान किया। निवर्तमान जिलाधिकारी को विदाई के समय जो गाड़ी मंगाई गई उसे फूलों से सजाया गया, आवास पर पहुंचे सभी अधिकारियों ने गले लगाते हुए उनके नए कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। मथुरा से आगरा विदा होते समय सभी लोगों की आंखों में खुशी और गम दोनों साफ दिखाई दे रहे थे।

# डीसेंट इंग्लिश स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी गई भावपूर्ण विदाई





परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। डीसेंट इंग्लिश स्कूल में कक्षा 11 वीं के सभी छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह आयोजित कर भावपूर्ण विदाई दी इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक श्री अशोक दुबे और प्रबंधिका श्रीमती मयूरी दुबे ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित किए गए और मुख्य अतिथिश्री अशोक दुबे व श्रीमती मयूरी दुबे का प्राचार्य राजीव जैन और मैनेजमेंट द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया इसके बाद कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा 11वीं के सभी बच्चों ने 12वीं के बच्चों को एक छोटा सा उपहार दिया जिसे वह यादगार रूप में संजो सकते हैं। इस अवसर पर बहुत से विद्यार्थियों को टाइटल दिए गए। मिस फेयरवेल कुमारी मिष्ठी सोनी और मिस्टर फेयरवेल अनमोल त्रिपाठी को दिया गया। मिस इव अनन्या मोदी को,मिस योगा गर्ल वंशिका नापित को,मिस आर्टिस्ट हिमांशी सिंह को,मिस नॉटी सेजल रावत,मिस ड्रामा क्वीन राधा मिश्रा को,मिस्टर इव प्रियांशु गुप्ता को, मिस्टर डांसर हर्ष कुशवाहा को, मिस्टर चार्मिंग आदित्य गंगेले को, मिस्टर गुड लुकिंग अमन सिंह को और स्टूडेंट ऑफ द ईयर का टाइटल कार्तिक असाटी को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने नृत्य किया और प्राचार्य ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया कार्यक्रम के बाद स्कूल में सभी बच्चों और शिक्षकों ने साथ-साथ खाना खाया।

# आदिवासी समाज में जागरुकता लाने जनजागृति सम्मेलन सम्पन्न

## समाज में जागरुकता लाकर इन्हें सनातन धर्म की आर्मी के रूप में खड़ा करना हैः पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्र

छतरपुर। धर्मांतरण के लिए सॉफ्ट टारगेट समझे जाने वाले आदिवासी समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आदिवासी जन जागृति सम्मेलन का आयोजन किया। महाराज श्री ने कहा कि आदिवासी समाज न केवल अत्यंत सरल समाज है बल्कि भोला भाला समाज है। यही वजह है कि लोग इन्हें गुमराह कर इनका धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। समाज में जागरूकता लाकर इन्हें सनातन धर्म की आर्मी के रूप में खड़ा करना है। महाराज श्री ने देशभर से आए आदिवासी समाज के लोगों को सनातन आर्मी बनाने का संकल्प दिलाया। जन जागृति सम्मेलन में झारखंड, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना सहित देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों की तादाद में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए।




सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में आयोजित आदिवासी जन जाग्रति सम्मेलन का उद्देश्य सभी हिंदुओं को जगाना है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का संकल्प है कि हिंदु जगाओ और हिंदुस्तान बचाओ। जन जागृति सम्मेलन में देश के विभिन्न स्थानों से आदिवासी समाज के लोग बागेश्वर धाम आए। कार्यक्रम का शुभारंभ बालाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्वागत भाषण क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया ने दिया, उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के बीच भ्रांतियां फैलाकर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। सभी आदिवासी समाज के लोगों से आग्रह है कि वह धर्म विरोधी ताकतों के खिलाफ खड़े हों। जंगल में जीवन यापन करने वाले लोगों को अब कोई कमजोर समझने की भूल न करे। बागेश्वर महाराज ने कहा कि जिसके पास सबसे ज्यादा जमीन है आज वही आदिवासी गरीब है। आदिवासी वे हैं जिन्होंने भगवान को भोजन उपलब्ध कराया है। उन्होंने सभी लोगों का आह्वान किया कि वह किसी भी परिस्थिति में धर्म से विमुख न हो, चाहे जो हो जाए हम सब हिंदू रहें और हिंदू कहलाएं। महाराज श्री ने कहा कि हमें आदिवासी समाज पर गर्व है। जंगल बचाने में आदिवासी समाज ने सबसे बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने यहां आए हुए लोगों से कहा कि वे गांव गांव जाकर समाज को इकट्ठा करें और धर्मांतरण के खिलाफ एक जुट होकर इसका विरोध करें। कार्यक्रम में शिक्षक रतिराम आदिवासी पन्ना के आदिवासी समाज के अध्यक्ष राम अवतार सिंह तथा राममिलन आदिवासी ने भी अपनी बात रखी। इस मौके पर बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने कहा कि आदिवासी समाज एक बार वचन दे दे तो अपने वचन के पालन के लिए प्राणों तक की आहुति देने में पीछे नहीं रहते। कार्यक्रम में करीब 1200 लोग सिर्फ राजस्थान से आये थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बॉबी राजा गठेवरा सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

**अमो आखा हिंदू छे ः सुम्मेर सिंह सोलंकी**

राज्यसभा सांसद एवं आदिवासी समाज से आने वाले सुम्मेर सिंह सोलंकी इस सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने अपनी भाषा में कहा कि आमो आखा हिंदू छे अर्थात हम सब हिंदू हैं। उन्होंने कहा कि वह बहुत सौभाग्यशाली है जो उन्हें बागेश्वर धाम आकर ऐसे कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अत्यंत सरल और सीधा समाज है। वह प्रकृति का पुजारी है। हमारा समाज जीवन भर धर्म को माथे पर लिखे रहता है और यह अमिट होता है। अपने समाज के लोगों से कहा कि वह सनातन धर्म के लिए अपनी एकझुकता दिखाएं ताकि कोई धर्म परिवर्तन के लिए आंख ना उठा सके। सांसद श्री सिंह ने कहा कि महाराज श्री ने समाज को आर्थिक और सामाजिक दिशा में उन्नति करने का भी संकल्प दिलाया है। धार्मिक स्थल पर लिया गया संकल्प स्थाई रहता है।

**यात्राओं के बाद भी शिक्षा ली और अब समाज को कर रहीं शिक्षित**

तेलंगाना से आई निर्मला ने बताया कि उनके परिवार ने उन पर विवाह के लिए बहुत दबाव डाला। कई तरह से उसे प्रताड़ना दी लेकिन उसकी इच्छा शिक्षा ग्रहण करने की थी ताकि वह अपने समाज को शिक्षित कर सके। प्रताड़ना के बाद भी उसने हार नहीं मानी और कड़ी मेहनत कर शिक्षक बनी। आज वह हिंदू धर्म, सनातन धर्म के लिए काम करने के साथ-साथ अपने समाज को शिक्षित कर रही है। निर्मला का मानना है कि हिंदू धर्म के अलावा अन्य किसी धर्म में महिलाओं को सम्मान नहीं मिलता।

**धर्म परिवर्तन के साथ जमीनों पर लगी है निगाहें**

मंडला से आई उषा कुशराम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म परिवर्तन के साथ-साथ आदिवासी समाज की जमीनों पर लोगों की नजर रहती है ताकि धर्म परिवर्तन के साथ ही उनकी जमीनों पर भी कब्जा किया जा सके। इंदौर की गौड़ परिवार की महिला ने कहा कि आदिवासियों को जंगल से बेदखल करने की साजिश की जा रही है। समाज के लोगों को शराब पिलाने की आदत जानबूझकर डाली जाती है ताकि वह ज्यादा से ज्यादा समय तक नशे में रहे और समाज के लिए कोई कार्य न कर सके। उन्होंने कहा कि हमें अपने महानायकों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके उद्देश्यों के लिए कार्य करना चाहिए। झारखंड से आई बहमनी सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मिशनरी के स्कूल पढ़ाई को आधार बनाकर भोले भाले आदिवासी समाज का धर्म परिवर्तन कराते हैं।

**महाराज श्री ने दिलाए तीन संकल्प**

बागेश्वर महाराज ने आदिवासी समाज के लोगों को तीन संकल्प दिलाए। उन्होंने लोगों से कहा कि वह गांव या आसपास के गांव में स्थित मंदिर में शनिवार या मंगलवार को अवश्य जाएं ताकि आपस में एकता बनी रहे और सनातन विरोधी गतिविधियों की जानकारी मिलती रहे। उन्होंने दूसरा संकल्प दिलाया कि बागेश्वर धाम हनुमान चालीसा मंडल का गठन करें जिसके माध्यम से मंगल शनिवार हनुमान चालीसा का पाठ हो सके। पाठ होने से लोगों के विचारों में परिवर्तन आएगा और वह धर्म विरोधियों के खिलाफ एकजुट होंगे।


# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के चुनाव हुए संपन्न

## ब्लॉक अध्यक्ष अंजनी कुमार शुक्ला, तहसील अध्यक्ष रविशंकर यादव एवं नगर अध्यक्ष बने राकेश कुमार शुक्ला



छतरपुर। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी जय खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तहसील, नगर व ब्लॉक छतरपुर इकाई के चुनाव पर्यवेक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत, निर्वाचन अधिकारी राजकिशोर त्रिपाठी एवं श्रीमती पूनम सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आनंद कुमार अरजरिया, कोषाध्यक्ष देवकीनंदन साहू की उपस्थिति में छत्रसाल शिक्षा महाविद्यालय छतरपुर में लगभग 200 शिक्षकों की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुए। नगर इकाई छतरपुर में अध्यक्ष श्री राकेश कुमार शुक्ला, सचिव एवं मीडिया प्रभारी जय नारायण खरे, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद रिछारिया, उपाध्यक्ष आकांक्षा दीक्षित एवं सह सचिव देवेंद्र कुमार मिश्रा चयनित हुए सदस्यों में मनोनीत महिला सदस्य आरती चौबे सहित राम विशाल पटेल, राकेश तिवारी, ओमप्रकाश रावत, सुनील कुमार मिश्रा, द्वारका प्रसाद तिवारी चयनित हुए। ब्लॉक इकाई छतरपुर के अंतर्गत अध्यक्ष अंजनी कुमार शुक्ला , सचिव पवन कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष सेवालाल सपेरा, उपाध्यक्ष बलवीर सिंह भदोरिया, सह सचिव हर स्वरूप प्रजापति, संगठन मंत्री प्रमोद सिंह तोमर निर्विरोध चयनित हुए। तहसील इकाई छतरपुर के अंतर्गत अध्यक्ष रवि शंकर यादव, सचिव सुधीर कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार चौबे, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सूत्रकार, सहसचिव रामबाबू खरे निर्विरोध चयनित हुए। सभी निर्विरोध नवनिर्वाचित पदाधिकारियो एवं सदस्यों का मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला पदाधिकारियों एवं स्थानीय सदस्यों ने पुष्प हार पहनाकर स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया।

# चौकी बछौन थाना चंदला पुलिस ने विवाद कर हवाई फायरिंग की घटना में सम्मिलित 4 आरोपी किये गिरफ्तार, प्रयुक्त हथियार की देशी कट्टा जप्त




**राममिलन घोष**

परिहार गर्जना न्यूज। सरबई माह अप्रैल वर्ष 2024 में थाना चंदला चौकी बछौन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सडगर में फरियादी रामचंद्र अग्निहोत्री व गांव के लोगों से विवाद कर दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायर करने संबंधी रिपोर्ट पर थाना चंदला में भारतीय दंड संहिता की समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में आयुध अधिनियम की धारा की बढ़ोत्तरी की गई। आरोपी घटना दिनांक से फरार हो गए थे, जिनकी तलाश हर संभावित स्थानों में की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना में सम्मिलित 4 आरो 1. देशराज राजपूत पिता नत्थू राजपूत निवासी ग्राम परसेड़ी 2. राम सिंह राजपूत पिता राम विशाल राजपूत निवासी ग्राम जमुनिया 3. नंदराम राजपूत पिता जयराम राजपूत निवासी ग्राम परसेड़ी 4. जयराम राजपूत पिता श्यामलाल राजपूत निवासी ग्राम परसेड़ी को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। हवाई फायरिंग में प्रयुक्त अवैध हथियार 315 बोर का देसी कट्टा जप्त किया गया। उक्त अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदला निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर, चौकी प्रभारी बछौन उप निरीक्षक सुरेंद्र मरकाम, प्रधान आरक्षक रामकृपाल, आरक्षक अमित जाट, मोनू साहू की भूमिका रही।



**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321